Monday December 27 2021 3:46:56 AM GOVT OF INDIA RNI NO. 6859/61



साहस सच दिखाने का
भारत दर्शन
सबसे तेज-सबसे अलग खबरें, अब एक क्लिक पर
www.bharatdarshannews.com



संस्थापक : कर्मयोगी श्री मुखी भीमसेन प्रभाकर



# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के सहयोग से एक राष्ट्रीय स्तर पर वेबिनार का किया गया आयोजन

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Sunday,26 December , 2021)

Ballabgarh News, 26 December 2021 (bharatdartshannews.com) : दिनांक 24 दिसंबर 2021 को वाणिज्य विभाग द्वारा अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के सहयोग से एक राष्ट्रीय स्तर पर वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय था "वित्तीय प्रबंधन और म्यूचुअल फंड की मूल बातें"। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ कृष्णकांत गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में किया गया।प्राचार्य महोदय ने वित्तीय प्रबंधन की आवश्यकता और उसकी महत्ता को बताया और कहा कि वित्त का सही जगह पर निवेश जरूरी है। उन्होंने कहा सही निवेश के लिए सही सलाह जरूरी है। वित्त निवेश करने के लिए उसका नियोजन बहुत आवश्यक है। सही नियोजन के द्वारा ही आप अपने वित्त से लाभ उठा सकते हैं अगर आप वित्तीय नियोजन नहीं करेंगे तो आपको भारी नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती ज्योति कपूर थी जो एडवांटेजेस इंडिया एल.एल.पी. की फाउंडर है। उन्होंने स्टॉक एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया की कार्यप्रणाली और उसकी आवश्यकता से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वित्तीय नियोजन कैसे किया जा सकता है और कैसे वित्त को सही जगह पर नियोजन कर लाभ कमाया जा सकता है। उन्होंने वित्त निवेश के विभिन्न रास्तों से अवगत करवाया और विशेषकर म्यूचल फंड की महत्वता को बताया। उन्होंने बहुत ही सरल शब्दों में बताया म्यूच्यूअल फंड क्या होता है कैसे इसमें निवेश किया जा सकता है और इससे मिलने वाले लाभो से अवगत करवाया। मुख्य वक्ता ने अपने ज्ञान और अनुभव को प्रतिभागियों से सांझा किया और जीवंत उदाहरण देकर इस विषय का ज्ञान करवाया। यह कार्यक्रम विशेषकर शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया था और इस कार्यक्रम में लगभग 100से ज्यादा शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने मुख्य वक्ता से अनेकों प्रश्न पूछे और मुख्य वक्ता ने उचित उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ डिंपल, सह संयोजक डॉ॰ शिल्पा गोयल , समन्वयक डॉ॰ प्रवीण गुप्ता और सदस्य गण डॉ॰ शोभना गोयल, डॉ॰ उषा चौधरी, डॉ॰ रेखा सैन,पूजा और प्रीति अग्रवाल थे। इन सभी के भरसक प्रयासों से यह कार्यक्रम सफल रहा । इस कार्यक्रम का समापन डॉ॰ प्रवीण गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से किया गया। प्राचार्य महोदय ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरी टीम को शाबाशी दी।